पत्रांक–1/ब0 1–07/2025–235/

बिहार सरकार

कला एवं संस्कृति विभाग

प्रेषक,

महमूद आलम,
सरकार के संयुक्त सचिव।

सेवा में,

अपर निदेशक,
जननायक कर्पूरी ठाकुर स्मृति संग्रहालय, पटना।

पटना, दिनांक 25/02/2026

विषयः– वित्तीय वर्ष 2025–26 में स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय मद में निधि का आवंटन।

महाशय,

संग्रहालय निदेशालय के अंतर्गत क्षेत्रीय कार्यालय में कार्यरत पदाधिकारियों/कर्मियों का वेतनादि के भुगतान एवं संविदा पर कार्यरत कर्मियों के संविदा राशि के भुगतान हेतु वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025–26 में मांग संख्या–08 के अधीन स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय बजट शीर्ष '2205– कला एवं संस्कृति–107–संग्रहालय–0001–संग्रहालय', विपत्र कोड 08–2205001070001, के अंतर्गत विभिन्न विषय शीर्षों में तत्काल कुल ₹ 7,09,400/–(सात लाख नौ हजार चार सौ रूपये) मात्र का आवंटन निम्नांकित रूप से आपके निस्ताराधीन व्यय के लिए सौंपा जाता हैः–

संग्रहालय/कार्यालय का नाम	0101– वेतन	0103– जी0 या0 भत्ता	0104– म0 कि0 भत्ता	0106– चि0 भत्ता	2802– संविदा सेवाएँ	कुल योग
जननायक कर्पूरी ठाकुर स्मृति संग्रहालय, पटना।	1,14,000	1,68,000	21,400	6,000	4,00,000	7,09,400

तत्काल आवंटित राशि ₹ 7,09,400/–(सात लाख नौ हजार चार सौ रूपये) मात्र।

2 यह आवंटन वित्त विभाग के परिपत्र संख्या–2561/वि0 (2) दिनांक 17.04.98 एवं 227/वि0, दि0 28.03.2025 एवं 235 दिनांक 01.04.2025 के आलोक में वित्त विभाग द्वारा निर्धारित अधिसीमा 100 प्रतिशत के अन्तर्गत दिया जा रहा है।

3 राशि की निकासी अपर निदेशक, जननायक कर्पूरी ठाकुर स्मृति संग्रहालय, पटना द्वारा सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना से की जायेगी तथा राशि का व्यय बिहार वित्तीय संशोधन नियमावली 2024, बिहार लोक निर्माण संहिता, बिहार खरीद अधिमानता नीति के संगत प्रावधान के आलोक में की जायेगी।

4 प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

5 उक्त आवंटन की व्यय विवरणी शीघ्र भेजे।

विश्वासभाजन

25/02/26

(महमूद आलम)
सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक 235/ पटना, दिनांक 25/02/2026

प्रतिलिपिः– कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

25/02/26

सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक 235/ पटना, दिनांक 25/02/2026

प्रतिलिपि :– सचिव के प्रधान आप्त सचिव/निदेशक, संग्रहालय निदेशालय/मेकर बजट शाखा/आई0 टी0 मैनेजर, कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

25/02/26

सरकार के संयुक्त सचिव।